स्किलमेंट

# सीपियाँ

## हिंदी क्रियाकलाप की पुस्तक

एफ एस-3
यू के जी


**डॉ. संजय सचदेवा**
वरिष्ठ हिंदी अध्यापक

**डॉ. रेखा श्रीवास्तव**
वरिष्ठ हिंदी अध्यापिका





PMP Planet Multimedia Publishers®
The Ultimate Resource

**PM PUBLISHERS PVT. LTD.**

# सीपियाँ-हिंदी क्रियाकलाप-एफ एस-3 (यू के जी)

iFke lLdj.k % 2023

© 2022 lokf/kdkj ih-,e- ifCy'kll ik- fy-

bl iLrd dh fo"k;oLrq] y[k] fp=] ikLVj vkfn Iy.fuV efYVehfM;k ifCy'kll dh lifRr g vkj budk lokf/kdkj idk'kd dk ljf{kr gA idk'kd dh vuefr d fcuk iLrd d fdlh Hkkx dk i.kr% ;k vkar% idk'kuk] Nk;kifr] vuokn ;k fdlh vU; fof/k l bldk mi;kx loFkk ifrcf/kr gA

आइ.एस.बी.एन. : 978-93-94820-80-7

मुद्रक :

मूल्य : ₹ 236/-

idkf'kr nokjk %

The Ultimate Resource

ih,e ifCy'kll ik- fy-

सी–55, सेक्टर–65, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर – 201301 (यू.पी.)
फोन. न.: 0120–4300130–33, मो. न.: 9540990177
ईमेल: info@pmpublishers.in
वेब: www.pmpublishers.in

# प्रस्तावना

बुनियादी स्तर (Foundational Stage) से माध्यमिक स्तर (Secondary Stage) तक सभी छात्रों को उत्तम शिक्षा प्रदान करने के दृष्टिकोण से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (National Education Policy 2020) ने एक नई अध्ययन संरचना (Pedagogical Structure) प्रस्तुत की है। इस नई अध्ययन संरचना को चार भागों में विभाजित किया गया है।

1. बुनियादी स्तर (Foundational Stage) (5 वर्ष): नर्सरी, एल॰ के॰ जी॰, यू॰ के॰ जी॰, कक्षा-1 तथा कक्षा-2 (3 से 8 आयु वर्ष)
2. प्रारंभिक स्तर (Preparatory Stage) (3 वर्ष): कक्षा-3, कक्षा-4, कक्षा-5 (8 से 11 आयु वर्ष)
3. मध्य स्तर (Middle Stage) (3 वर्ष): कक्षा-6, कक्षा-7, कक्षा-8 (11 से 14 आयु वर्ष)
4. माध्यमिक स्तर (Secondary Stage) (4 वर्ष): कक्षा-9, कक्षा-10, कक्षा-11 तथा कक्षा-12 (14 से 18 आयु वर्ष)

   नई अध्ययन संरचना (5+3+3+4) के अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल तथा शिक्षा (Early Childhood Care and Education) को 3 आयु वर्ष से शामिल किया गया है।

   प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल तथा शिक्षा के अंतर्गत निम्नलिखित परिणाम वांछनीय है:

- शारीरिक तथा गामक विकास (Physical and motor development)
- ज्ञानात्मक विकास (Cognitive development)
- सामाजिक-भावनात्मक और नैतिक विकास (Social-emotional-ethical development)
- संचार, प्रारंभिक भाषा ज्ञान, साक्षरता तथा संख्यात्मकता का विकास (Development of communication and early language, literacy, and numeracy)

हमारी नई पुस्तक श्रृंखला, **स्किलमेंट**, बुनियादी स्तर के छात्रों के लिए तैयार की गई है। इसे तैयार करते समय छात्रों की आयु तथा राष्ट्रीय पाठचर्या की रूपरेखा 2022 (NCF 2022) के अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल तथा शिक्षा के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखा गया है।

इस श्रृंखला के अंतर्गत विभिन्न विषयों (Maths, English, EVS, Hindi, Art and Craft, Kavitayen aur Kahaniyan, Rhymes and Stories, English Grammar, Computer and GK) की पुस्तकें तैयार की गई हैं। Maths, English, EVS तथा Hindi की पुस्तकों के साथ इनकी कार्य पुस्तिका (Workbook) भी दी जा रही है।

प्रत्येक कक्षा की किट के साथ एक Teacher's Resource Kit भी दी जा रही है, जिसके अंदर दी गई सामग्रियों से शिक्षक कक्षा में विभिन्न प्रकार की रूचिकर गतिविधियाँ करवा सकते हैं।

इसके अलावा शिक्षकों को सामाजिक तथा भावनात्मक शिक्षा (Social and Emotional Learning) पर आधारित एक पुस्तिका दी जा रही है, जिसके द्वारा शिक्षक छात्रों में सामाजिक तथा भावनात्मक गुण विकसित कर सकेंगे।

**स्किलमेंट ऐप** (Skillment App) छात्रों में मनोरंजक रूप से कौशल निर्माण में सहायक होगी।

हमारा **वेब पोर्टल** (Web Portal) **pmponline.co.in** कई प्रकार के संसाधनों से युक्त है जिसका उपयोग शिक्षक तथा छात्र दोनों कर सकते हैं। इन संसाधनों में निम्न चीजें शामिल हैं:

- मल्टीमीडिया ई-बुक (Multimedia ebooks): इसके अंतर्गत एनीमेशन, ऑडियो, वीडियो तथा इंटरैक्टिव एक्सरसाइजेज हैं।
- अतिरिक्त कार्य पत्र (Additional worksheets): छात्र इन वर्कशीट्स को हमारे पोर्टल से डाउनलोड कर अधिक-से-अधिक अभ्यास कर सकते हैं।
- टीचर रिसोर्स (Teacher's resource): इसके अंतर्गत विस्तृत पाठ योजना (Lesson Plan) तथा अतिरिक्त प्रश्न-उत्तर उपलब्ध हैं।
- वर्चुअल लेसन (Virtual Lessons) इसके अंतर्गत प्री-रिकार्डेड वीडियो दिए गए हैं।
- ए आर ऍप (ऑगमेंटेड रियलिटी ऍप) (Augmented Reality App) both for Android and iOS: यह किसी भी अध्याय को स्मार्ट अध्याय बना देता है जिससे किसी भी विषय को समझने में आसानी हो जाती है।

हमने इस श्रृंखला को शिक्षकों, अभिभावकों तथा छात्रों के लिए अधिक-से-अधिक उपयोगी बनाने का प्रयत्न किया है। हम आशा करते हैं कि यह श्रृंखला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगी। यदि आपको इस श्रृंखला में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि या अशुद्धि नजर आती है तो कृपया हमें लिखें।

—प्रकाशक

# शिक्षण निर्देश

**शिक्षक दिए गए निर्देशों की सहायता से हिंदी को विभिन्न विषयों से जोड़ सकते हैं।**

**13 स्वरों (अ, आ, इ, ई उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः) की पुनरावृत्ति के साथ ही पुनः स्वरों में दिए गए चित्र के माध्यम से विद्यार्थी को विभिन्न विषयों से जोड़ना–**

- गणित की संख्या और आकार से परिचित कराना
- जीव विज्ञान–पशु पक्षियों के विषय में जानना
- जीवनपयोगी वस्तुओं का ज्ञान एवं खाने वाली वस्तुओं के स्वाद का ज्ञान
- स्वर गीत के माध्यम से स्वरों के उच्चारण पर ध्यान देना।
- दिए गए क्रियाकलापों के माध्यम से विद्यार्थी की स्मरण क्षमता और बोधगम्यता का विकास करना।

**क वर्ग (क, ख, ग, घ, ङ) में दिए गए चित्र, उनके नाम के माध्यम से विद्यार्थी को विभिन्न विषयों से जोड़ना–**

- क वर्ग के अक्षरों से आरंभ होने वाले शब्दों को ज्ञान
- दैनिक उपयोगी वस्तु जैसे– घड़ा, खिलौने आदि।
- जीव विज्ञान– पशु पक्षियों के विषय में जानना जैसे– कोयल
- खान–पान की वस्तुओं और उनके स्वाद का ज्ञान जैसे– खजूर, गुड़
- शरीर के विभिन्न अंगों को जानना– गरदन
- दिए गए क्रियाकलापों के माध्यम से विद्यार्थी की स्मरण क्षमता और

**च वर्ग (च, छ, ज, झ, ञ) में दिए गए चित्र उनके नाम के माध्यम से विद्यार्थी को विभिन्न विषयों से जोड़ना–**

- विज्ञान संबंधी वस्तुओं का ज्ञान जैसे– चक्की, चरखा
- उपयोगी वस्तुओं का ज्ञान जैसे– छलनी, झाड़ू
- च वर्ग के अक्षरों से आरंभ होने वाले शब्दों को ज्ञान
- क्रियाकलाप के द्वारा प्राप्त ज्ञान का स्मरण।

**ट वर्ग (ट, ठ, ड, ढ, ण) में दिए गए चित्र उनके नाम के माध्यम से विद्यार्थी को विभिन्न विषयों से जोड़ना–**

- ट वर्ग के अक्षरों से आरंभ होने वाले शब्दों को ज्ञान
- जीवनपयोगी वस्तुओं का ज्ञान जैसे– टोकरी, डब्बा।
- संगीत– विभिन्न वाद्य यंत्रों को जानना जैसे– डमरू
- क्रियाकलाप के माध्यम से स्मरण क्षमता और बोधगम्यता को विकास करना।

**त वर्ग (त, थ, द, ध, न) में दिए गए चित्र उनके नाम के माध्यम से विद्यार्थी को विभिन्न विषयों से जोड़ना–**

- त वर्ग के अक्षरों से आरंभ होने वाले शब्दों को ज्ञान
- खाने वाली वस्तुओं के स्वाद का ज्ञान जैसे– नाशपाती
- विज्ञान– दिशा ज्ञान
- उपयोगी वस्तुएं– थैला
- क्रियाकलाप के माध्यम से नए शब्द बनाने की योग्यता विक. सित करना

**प वर्ग (प, फ, ब, भ, म) में दिए गए चित्र उनके नाम के माध्यम से विद्यार्थी को विभिन्न विषयों से जोड़ना–**

- प वर्ग के अक्षरों से आरंभ होने वाले शब्दों को ज्ञान
- शरीर के अंग– फेफड़ा
- पर्यावरण– बाँध
- जीव विज्ञान– बंदर, मोर
- खाने वाली वस्तुओं के स्वाद का ज्ञान–मक्खन, भिंडी, फूलगोभी।
- शारीरिक क्रिया– भागना।
- क्रियाकलाप के माध्यम से दिन प्रतिदिन की क्रियाओं का समझने की योग्यता विकसित करना

**य, र, ल, व में दिए गए उनके नाम के माध्यम से विद्यार्थी को विभिन्न विषयों से जोड़ना–**

- विभिन्न ऋतुओं का ज्ञान
- खाने वाली वस्तुओं के स्वाद का ज्ञान जैसे– रसगुल्ला
- जीव विज्ञान– याक, लंगूर
- पर्यावरण– वन, लकड़ी
- क्रियाकलाप के माध्यम से विभिन्न ऋतुओं को समझने की योग्यता विकसित करना

**श, ष, स, ह में दिए गए चित्र उनके नाम के माध्यम से विद्यार्थी को विभिन्न विषयों से जोड़ना–**

- गणित–संख्या षष्ट (6), रेखागणित (षट्कोण, षट्भुज)
- विभिन्न वस्तुओं का ज्ञान–साबुन
- खन–पान की वस्तुओं का ज्ञान– शहद हल्दी, समोसा, शरबतै
- जीव विज्ञान– हंस

- क्रियाकलाप के माध्यम से वस्तुओं के हिंदी नाम के साथ ही उनके अंग्रेज़ी के शब्दों को समझने की योग्यता विकसित करना

**दो वर्ण वाले शब्द**

- दो वर्णों को जोड़ कर बने शब्द को समझना तथा चित्र उनके नाम के माध्यम से विद्यार्थी को विभिन्न विषयों से जोड़ना
- दिए गए शब्दों का समझना।
- दो वर्ण से बने नए शब्दों का ज्ञान साथ ही उन्हें कविता की तरह पढ़ कर उन्हे याद करना।
- दिए गए अभ्यास कार्य और क्रियाकलापों के द्वारा प्राप्त ज्ञान का प्रत्यास्मरण करना।

**गिनती**

- 1 से 10 तक की गिनती को हिंदी में समझना।

**तीन वर्ण वाले शब्द**

- दो वर्णों को जोड़ कर बने नए शब्दों का ज्ञान तथा चित्र के साथ उनके नाम के माध्यम से विद्यार्थी को विभिन्न विषयों से जोड़ना
- तीन वर्ण से बने नए शब्दों का ज्ञान साथ ही उन्हें कविता की तरह पढ़ कर उन्हे याद करना।
- दिए गए अभ्यास कार्य और क्रियाकलापों के द्वारा प्राप्त ज्ञान का प्रत्यास्मरण करना।

**चार वर्ण वाले शब्द**

- चार वर्णों को जोड़ कर बने नए शब्दों का ज्ञान तथा चित्र के साथ उनके नाम के माध्यम से विद्यार्थी को विभिन्न विषयों से जोड़ना
- चार वर्ण से बने नए शब्दों का ज्ञान साथ ही उन्हें कविता की तरह पढ़ कर उन्हे याद करना।
- दिए गए अभ्यास कार्य और क्रियाकलापों के द्वारा प्राप्त ज्ञान का प्रत्यास्मरण करना।

- कहानियों के माध्यम से जीवन में मिलने वाली सीख को समझना।

- कविता के माध्यम से भाषा के उच्चारण में सुधार करना।

- वर्णमाला की पुनरावृत्ति के द्वारा विद्यार्थी हिंदी वर्णमाला के प्राप्त ज्ञान का पुनः स्मरण कर सकेगा, साथ ही दिए गए क्रियाकलापों के माध्यम से वह अन्य विषयों का जानने में समर्थ होगा।
- पुस्तकों में दिए गए चित्रों के द्वारा संख्या, आकार, विभिन्न वस्तुओं आदि का ज्ञान और उनके उपयोग को समझना।
- शब्दों के उच्चारण द्वारा बच्चों के वाचन कौशल का विकास करना।
- लेखन क्रिया के द्वारा शब्दों को लिखने और समझने में समर्थ बनाना।
- पुस्तक में दी गयी गतिविधायों के माध्यम से कला, गणित और विज्ञान से जुड़ना।
- सामाजिक विषयों के माध्यम से सामाजिक समुदाय से जोड़ना।
- विभिन्न क्रियाकलापों के द्वारा विद्यार्थी के बौद्धिक और चिंतन कौशल को बढ़ाना।
- चित्र के माध्यम से समाज, प्रकृति और विभिन्न विषयों से जोड़ना।

**अध्यापकों के लिए सुझाव**

- विद्यार्थी को सरलता से कठिनता की ओर ले जाए।
- दिए गए कार्यों को चार सत्रें में विभाजित करें।
- प्रथम सत्र में वर्णमाला की पुनरावृत्ति ही कराए।
- अध्यापक विज्ञान से संबंधित विषयों पर पूरी जानकारी दें।
- दो, तीन और चार वर्णों से बने शब्दों के विषय में विद्यार्थी को जानकारी दें। जैसे- थलचर अथार्त धरती पर चलने वाले जीव, तरबन का अर्थ है कर्णफूल।
- पुस्तक में दी गयी कहानियों को कक्षा में उच्चारित करके सुनाए।
- विद्यार्थी दी गयी कविता को कंठस्थ करें।

**अभिभावको के लिए सुझाव**


- बच्चों को उन वस्तुओं को दिखाएं जो उन्हें पुस्तक में चित्रों के माध्यम से दिखाए जा रहे हैं।
- उन वस्तुओं का उपयोग बताएं।
- बच्चों के साथ हिंदी मे ं बातचीत करें।
- शब्दों को लिखने में उनकी सहायता करें।

**नोटः** बार-बार किसी भी अक्षर को सुनने, उसका उच्चारण करने और सुनने से विद्यार्थी उससे परिचित हो सकेगा, जो उसके भाषा विकास में सहायक होगा।

# विषय सूची


| | |
|---|---|
| प्रार्थना | 7 |
| पुनरावृत्ति | 8 |
| स्वर | 9-11 |
| स्वर गीत 1 | 12 |
| स्वर गीत 2 | 13 |
| क्रियाकलाप-1 | 14 |
| व्यंजन ( क वर्ग ) | 15 |
| क्रियाकलाप-2 | 16 |
| व्यंजन ( च वर्ग ) | 17 |
| क्रियाकलाप-3 | 18 |
| व्यंजन ( ट वर्ग ) | 19 |
| क्रियाकलाप-4 | 20 |
| व्यंजन ( त वर्ग ) | 21 |
| क्रियाकलाप-5 | 22 |
| व्यंजन ( प वर्ग ) | 23 |
| क्रियाकलाप-6 | 24 |
| व्यंजन ( य से व ) | 25 |
| क्रियाकलाप-7 | 26 |
| व्यंजन ( श से ह ) | 27 |
| क्रियाकलाप-8 | 28 |
| वर्णमाला | 29 |
| दो वर्णों वाले शब्द | 30-32 |
| क्रियाकलाप-9 | 33-36 |
| आओ सीखें गिनती | 37 |
| क्रियाकलाप-10 | 38 |
| तीन वर्णों वाले शब्द | 39-41 |
| क्रियाकलाप-11 | 42-44 |
| चार वर्णों वाले शब्द | 45-46 |
| क्रियाकलाप-12 | 47-49 |
| रंगो की दुनिया | 50 |
| क्रियाकलाप-13 | 51 |
| सब्जियों के नाम | 52 |
| क्रियाकलाप-14 | 53 |
| कविता | 54 |
| कीटों की दुनिया | 55 |
| कविता | 56 |
| क्रियाकलाप-15 | 57-58 |
| उल्टे अर्थ वाले शब्द | 59 |
| कहानी ( प्यासा कौआ ) | 60-61 |
| कहानी ( टोपीवाला और बंदर ) | 62-63 |


# प्रार्थना



हम हैं छोटे-छोटे बालक
भगवान आप जगत के पालक।
करें आपकी कैसे विनती
बस सीखा है अक्षर गिनती।
आप पिता हैं आप ही माता
ज्ञान बल और बुद्धि के दाता।
हाथ जोड़ कर करें प्रणाम
प्रभु हमें दो विद्या का दान।।

# पुनरावृत्ति

## स्वर



अ आ इ ई उ ऊ ऋ





ए ऐ ओ औ अं अः


## व्यंजन



















| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |




| | | | |
|---|---|---|---|
| य | र | ल | व |
| श | ष | स | ह |



# स्वर

अ



अनार




अमरूद

आ



आलू



आम

इ



इलायची



इमारत

ई



ईंट



ईख

उ



उछलना



उल्लू



ऊँट



ऊन

ऊ

ऋ



ऋषि



ऋण



एकतारा

1

एक

ए

ऐ



ऐनक



ऐरावत

## ओ



ओढ़नी



ओवरकोट

## औ




औषधि



औरत

## अं



अंगूर



अंगूठी




## अः



# स्वर गीत 1



**अ** से अनार
होता देखो कितना लाल।



**आ** से होता आम
गरमी में आता कितने काम।




**इ** से इलायची
खाने का है स्वाद बढ़ाती।



**ई** से ईंट
इससे बनती घर की नींव।



**उ** से उल्लू
रात को जागता है यह बुद्धू।



**ऊ** से होती ऊन
ठंड में देती हमको सुकून।



**ऋ** से ऋषि
करते हैं यह यज्ञ विधि।



**ए** से होता एक
जैसे भारत देश।




**ऐ** से होती ऐनक
नानी पहने आँखों पर।



**ओ** से ओढनी
पहने इसको मेरी मम्मी।




**औ** से होती औषधि
खाँसी मेरी यह ठीक है करती।



**अं** से अंगूर
रस से होते यह भरपूर।।

# स्वर गीत 2




लाल-लाल मीठा अनार
हरा अमरूद है कितना स्वाद।






आलू के मैं चिप्स हूँ खाती
आम देख जीभ ललचा जाती।





इलायची ने सुगंध बिखराई
इमारत देख आँखें चकराई।




ईंट से देखो बनते घर
ईख उगती खेतों पर।

ऊँट को देखो प्यास न लगती
ऊन से माँ है स्वेटर बुनती।




ऋषि करते रहते यज्ञ
कभी न थकते वो लिख कर।
एकतारा की मधुर है तान
एक है अपना भारत महान।




ऐनक में मैं सुंदर लगती
ऐरावत की चाल में मस्ती।
ओढ़नी पहन मैं सुंदर बन जाती
ओवरकोट मुझे है ठंड से बचाती।




औषधि हमको ठीक है करती
औरत कितनी सुंदर है लगती।
अंगूर के हैं बाग होते
गुच्छे में हैं छोटे-छोटे।।

# क्रियाकलाप-1

खाली स्थान में सही अक्षर लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | | इ | |
| | ऊ | ऋ | |
| ए | | ओ | |
| | | | |



अं अक्षर वाले शब्द पर घेरा लगाओ।

अंगूर आम अचार

अंगूठी ओला अंग

अनार अंक

# व्यंजन

क



कोयल



कसरत

ख




खजूर




खिलौना

ग



गर्दन



गुड़

घ



घड़ा



घोंसला


ङ



# क्रियाकलाप-2

**क अक्षर से शुरू होने वाले शब्द के चित्र पर घेरा लगाओ।**




**दिए गए चित्र का पहला अक्षर लिख कर उसका नाम पूरा करो।**



| | |
|---|---|
| | ड़ा |



| | | |
|---|---|---|
| | जू | र |




| | | | |
|---|---|---|---|
| | स | र | त |




| | | |
|---|---|---|
| | र्द | न |

च




चरखा



चक्की

छ




छलनी




छात्र

ज




जड़




जलेबी

झ



झाड़ू



झुमका

ञ



# क्रियाकलाप-3

दिए गए चित्रों का उनके पहले वर्ण से मिलान करो।

ज



झ



छ




च



ट



टोकरी



टिड्डा



ठप्पा




ठेला

ठ


ड



डिब्बा



डमरू



ढोलक



ढेर

ढ


ण





# क्रियाकलाप-4

ट अक्षर से शुरू होने वाले चित्रों में लाल रंग भरो।











ट वर्ग के जो अक्षर नीचे दिए गए फूल में नहीं है उन्हें लिखो।



त



तकली



तकिया



थाना



थैला

थ

द




दीपक



दर्पण



धुआँ




धनिया

ध

न



नमन



नाशपाती

# क्रियाकलाप-5

नीचे दिए गए अक्षर का प्रयोग करते हुए दो नए शब्द लिखो।

ज

थ

द


ध

न

प




पंख



पहिया

फ




फेफड़ा



फूलगोभी

ब




बंदर



बाँध

भ




भिंडी




भालू

म



मक्खन



मोर

# क्रियाकलाप-6

अपनी पसंद की किन्ही दो सब्ज़ियों के नाम लिखो।

दिए गए चित्रों में बच्चे क्या कर रहे हैं? उस शब्द को बक्से में से ढूंढ़ कर लिखो।

चलना, दौड़ना, आना, खाना, बजाना,
नाचना, गाना, पढ़ना, लिखना, देखना












य




याक



यातायात



रथ



रसगुल्ला

र

ल



लकड़ी



लंगूर



वन



वर्षा

व

# क्रियाकलाप-7

दिए गए मौसम के चित्रों का उनके सही नाम के साथ मिलान करो।

गर्मी •



पतझड़ •



सर्दी •



वर्षा •



वसंत •




श



शरबत




शहद



षट्कोण




षष्ठ

ष


स




साबुन



समोसा



हाथी



हंस


ह

# क्रियाकलाप-8

नीचे लिखें हिंदी नामों को दिए गए उनके अंग्रेजी नामों से जोड़ो।

| | |
|---|---|
| शहद | Six |
| साबुन | Swan |
| हंस | Soap |
| षष्ठ | Honey |

दिए गए चित्र में रंग भरो।



# वर्णमाला

## स्वर

रिक्त स्थानों को सही क्रम में भरो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | | इ | | | ऊ | ऋ |
| ए | | | औ | | अः | |

## व्यंजन

रिक्त स्थानों को सही क्रम में भरो।


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | | | घ | ङ |
| च | | ज | | ञ |
| | ठ | | | ण |
| | थ | | ध | |
| प | | ब | | म |
| | र | | | |
| श | | स | ह | |

# दो वर्णों वाले शब्द

वर्ण से वर्ण मिलाओ, नए-नए शब्द बनाओ।




क + प = कपप




न + ग = नग



छ + त = छत




ध + न = धन




ट + ब = टब



फ + ल = फल



थ + न = थन



ह + ल = हल




र + थ = रथ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कम | खग | गज | घर | चल |
| छल | जग | झट | टल | ठग |
| डग | ढक | तल | थल | दम |
| धक | नल | पथ | फर | बस |
| भर | मठ | यश | रस | वर |







| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कर | ख़त | गल | घन | चख |
| जब | ठप | डर | तब | थक |
| दल | धड़ | नभ | पर | फन |
| बढ़ | भर | मर | यम | रण |
| लय | वन | शत | सब | हम |







पीएम पब्लिशर्स प्रा. लि.



बस पर चढ़
घर चल
फल रख
अब पढ़
रट मत।

नल पर चल
भर कर जल
पथ पर चल
थक मत
सर पट चल।





जब तब मत कर
गज पर चढ़
डर मत
हठ मत कर
झट पट चढ़।

# क्रियाकलाप-9

दिए गए चित्रों को उनके सही नाम के साथ जोड़ो।













- कप
- फन
- फल
- जग
- रथ
- घर

दिए गए वर्ण के साथ अन्य वर्ण को जोड़ कर नये शब्द बनाओ।

| वर्ण | | शब्द |
|---|---|---|
| अ | ब | अब |
| त | | |
| स | | |
| ज | | |
| क | | |




| वर्ण | | शब्द |
|---|---|---|
| क | र | कर |
| प | | |
| फ | | |
| भ | | |
| ह | | |



## चित्रों को देख कर वाक्य पूरा करो।














........ चल।

........ भर।

........ रख।

........ पर चल।

........ पर मत चढ़।

........ पर चल।





पीएम पब्लिशर्स प्रा. लि.

दिए गए चित्रों का नाम लिख कर रंग भरो।












# आओ सीखें गिनती




1 एक




2 दो




3 तीन




4 चार




5 पाँच




6 छह




7 सात



8 आठ




9 नौ




10 दस

# क्रियाकलाप-10

**चित्रों में दी गयी वस्तुओं को गिनकर उनकी संख्या लिखो।**












# तीन वर्णों वाले शब्द

वर्ण से वर्ण मिलाओ, नए-नए शब्द बनाओ।



क + ल + म

कलम



ग + ग + न

गगन



फ + स + ल

फसल




न + ह + र

नहर




ब + च + त

बचत



म + ट + र

मटर



ल + ह + र

लहर




श + ह + द


शहद



स + म + य

समय


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अगर | इधर | उधर | ऊपर | ऐनक | ओझल |
| कलश | खपत | गरम | घटक | चरण | छपक |
| जगह | झलक | टपक | ठहर | डगर | तरल |
| थकन | दमक | धवल | नरम | पवन | फटन |
| बटन | भवन | महल | यवन | रपट | लगन |
| वचन | शयन | षष्ठ | सड़क | हजम | |






| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अक्षर | इतर | उदर | उधम | एकक | ऐटम |
| ओटन | औरत | कमल | खनक | गरज | घटन |
| चमक | छलक | जनक | झनक | टसक | ठनक |
| डबल | ढनक | तरह | थपन | दहन | धमक |
| नगर | पलक | फलन | बतख | भजन | मगर |
| यमन | रसद | लपट | वतन | शपथ | सरल |





समझ कर बचत कर।
नगद मत रख।
समय पर नगर चल।
कलह मत कर।

ऐनक रख।
इधर उधर मत कर।
छपक-छपक मत कर
रपट मत सड़क पर
चल।





पवन नहर पर चल।
कलश भर
इधर उधर मत कर
कलश रख।


पीएम पब्लिशर्स प्रा. लि.

# क्रियाकलाप-11

दिए गए चित्रों को उनके सही नाम के साथ जोड़ो।



बतख



बटन




महल



कलश



बचत



समय


रिक्त स्थान में दिए गए चित्रों का नाम लिखकर वाक्य पूरा करो।




भवन पर ............................ रख।




............................ चख।



नरम ............................ चख।



............................ पर चल।



अब ............................ कर।



पीएम पब्लिशर्स प्रा. लि.

गोले मे दिए गए वर्ण के साथ वर्ण जोड़ कर नया शब्द बनाओ।



ऐनक

ख..........

ज..........

ठ..........

ढ..........

नक

म

ऊधम

कल..........


गर..........

नर..........

हज..........




चित्र देख कर वाक्य पूरा करो और चित्र में रंग भरो।



............ पहन।



............ मत कर।



............ पकड़।

# चार वर्णों वाले शब्द

वर्ण से वर्ण मिलाओ, नए-नए शब्द बनाओ।




अ + द + र + क

अदरक



क + स + र + त

कसरत




च + म + च + म

चमचम



त + र + क + श

तरकश



प + र + व + ल

परवल





ब + र + त + न

बरतन





पीएम पब्लिशर्स प्रा. लि.


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अचकन | खटमल | उलझन | एकदम | करतब |
| खटपट | गटगट | घनफल | चकमक | छरछर |
| जगमग | झटपट | टकटक | ठकठक | डगमग |
| ढक्कन | तरहर | थरमस | दमकल | धड़कन |
| नटखट | पचपन | फटकन | बकबक | भगदड़ |
| मतलब | लटकन | शरबत | सरकस | हलचल |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अजगर | उपवन | एकमत | करवट | खटमल |
| गपशप | घनरस | चरचर | छमछम | जनमत |
| झकझक | टपकन | ठनठन | डबडब | ढलमल |
| तरबन | थलचर | दलदल | धकधक | नटवर |
| पटसन | फरफर | बरगद | भवजल | मलमल |
| लटपट | वनचर | शलगम | सरपट | हरदम |



# क्रियाकलाप-12

चार अक्षरों वाले शब्दों का अभ्यास करो।

उ + ल + झ + न = ..................

त + र + ब + न = ..................

थ + र + म + स = ..................

म + त + ल + ब = ..................

ल + ट + क + न = ..................

श + र + ब + त = ..................

ह + ल + च + ल = ..................

**दिए गए शब्दों में जिनमें अंतिम शब्द 'कन' हो उस पर घेरा लगाओ।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अजगर | अचकन | एकमत | करवट | घड़कन |
| लटकन | उपवन | चरचर | छमछम | जनमत |
| झकझक | टपकन | पचपन | अटकन | |

**दिए गए चित्रों का नाम लिख कर वाक्य पूरा करो।**




............ मत कर।



............ कर।




अब ............ पहन।



............ चख।




............ भर।



बरतन पर ............ रख।


दिए गए चित्रों के लिए बक्से में से सही शब्द ढूंढ़ कर लिखो और चित्रों में रंग भरो।

शलगम खटमल दमकल बरगद









# रंगो की दुनिया


आओ देखें रंग और जाने इनके नाम।




लाल




पीला



नीला



हरा




काला




सफेद

दिए गए गोले में उन रंगों पर घेरा लगाओ जो उसमें दिख रहे हैं।



| | |
|---|---|
| लाल | हरा |
| काला | पीला |
| सफेद | नीला |




| | |
|---|---|
| लाल | हरा |
| काला | पीला |
| सफेद | नीला |


# क्रियाकलाप-13


दो अक्षर वाले शब्द के चित्र में लाल रंग, तीन अक्षर वाले शब्द के चित्र में पीला रंग और चार अक्षर वाले शब्द के चित्र में नीला रंग भरो और उनका नाम भी लिखो।














# सब्ज़ियों के नाम

आओ सब्ज़ियों को देखें और उनके नाम जानें।


अदरक



करेला


खीरा



प्याज़


परवल



पालक



बैंगन


भिंडी


मशरूम


लहसुन



शलगम


शिमला मिर्च

**शिक्षण बिंदु:** अध्यापिका कक्षा में बच्चों को इन सब्ज़ियों और उनके लाभ के बारे में बताएं।

# क्रियाकलाप-14


पिछले पाठ में आपने सब्ज़ियों के विषय में पढ़ा। उन्हें देखकर दिए गए सब्ज़ी के चित्र में सही रंग भरो।




करेला




प्याज़




पालक



भिंडी



शिमला मिर्च



बैंगन

# कविता

## कैसे खाओ

ठीक समय पर खाना खाओ,
जल्दी क्या है, धीरे खाओ।
ज्यादा खाना कभी ना खाओ,
जितनी भूख, उतना ही खाओ,
सेहत अपनी खूब बनाओ।



खाने में लिखे शब्दों में उन शब्दों चुनकर लिखो जो तुम खाते हो तथा जो नहीं खाते हो।

आम उपवन अनार कमल मटर
जग शहद बरगद शलगम फल

| जो खाते हो | जो नहीं खाते हो |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

# कीटों की दुनिया


आओ देखें विभिन्न कीट और जानें उनके नाम।




मधुमक्खी




तितली




मच्छर



झींगुर



खटमल



मकड़ी

**शिक्षण बिंदु:** अध्यापिका कक्षा में बच्चों को इन कीटों के बारे में बताए।


# कविता



## तितली

तितली रानी तितली रानी,
घूम रही कैसी मनमनी।
इस डाली से उस डाली
फूलों पर है बैठी रहती।
लाल, हरी, काली-काली
कितनी कोमल कितनी प्यारी।
हाथ किसी के यह नहीं आती
तितली रानी बड़ी सयानी।

इस चित्र में रंग भरो।



# क्रियाकलाप-15

नीचे दिए गए बादलो में लिखे शब्दों से वाक्य बनाओ।

फल रथ एक छत
रख पर चख चल

मटर शहद पवन
अमन मदन सड़क

बरगद अजगर उपवन
कसरत बरतन पनघट

पनघट पर बरतन रख।

..................................................

..................................................

..................................................

..................................................

..................................................

नीचे दिए गए चित्र में रंग भरो। नीचे लिखी वस्तुओं पर चित्र में घेरा लगाओ।



| | | |
|---|---|---|
| लड़का | कलम | बस्ता |
| लड़की | घास | गेंद |
| फूल | पेड़ | झूला |
| जूता | डिब्बा | खिलौना |

# उल्टे अर्थ वाले शब्द



ऊपर

नीचे





ठंडी

गर्मी






दिन


रात





एक

अनेक






बंद

खुला



# कहानी

## प्यासा कौआ



गर्मियों के दिन थे। एक कौआ बहुत प्यासा था और पानी की तलाश में यहाँ-वहाँ भटक रहा था। कई जगहों पर भटकने के बाद भी उसे पानी नहीं मिला।


वह बहुत देर से उड़ रहा था। लगातार उड़ते रहने के कारण वह थक कर चूर हो चुका था। उधर तेज गर्मी से उसकी प्यास और बढ़ती जा रही थी।

थकान के कारण अब उससे उड़ा नहीं जा रहा था। वह थक कर एक छत पर बैठ गया। तभी

उसने देखा कि छत के एक कोने में घड़ा रखा हुआ है। पानी होने की आस में वह उड़कर घड़े के पास गया और उसके अंदर झांक कर देखा तो पाया कि घड़े में पानी तो है, किंतु इतना नीचे है कि उसकी चोंच वहाँ तक नहीं पहुँच सकती थी। वह उदास हो गया। घड़े के ऊपर बैठे-बैठे ही वह कुछ उपाय सोचने लगा। सोचते-सोचते उसकी नजर पास ही पड़े कंकड़ो के ढेर पर पड़ी। फिर क्या था? कौवे को तुरंत एक उपाय सूझा। वह उड़कर कंकड़ों के ढेर पर पहुँचा और उनमें से एक कंकड़ अपनी चोंच से उठाकर घड़े तक लाकर घड़े में डाल दिया। वह एक-एक कंकड़ अपनी चोंच से उठाकर घड़े में लाकर डालने लगा। कंकड़ डालने से घड़े का पानी ऊपर आने लगा। कुछ देर में ही घड़े का पानी इतना ऊपर आ गया कि कौआ उसमें चोंच डालकर पानी पी सकता था। कौऐ ने अपनी चोंच घड़े में डाली और अपनी प्यास बुझा ली।

**शिक्षाः** लगातार कोशिश करने से सफलता मिलती है।

**चित्र में रंग भरो।**






पीएम पब्लिशर्स प्रा. लि.

# कहानी

## टोपीवाला और बंदर



एक समय की बात है एक आदमी टोपी बेचने का काम करता था। वह रोज सुबह एक बड़ी सी टोकरी में ढेर सारी रंग-बिरंगी टोपियाँ भरता और उसे सिर पर लादकर घर से निकल जाता और शाम को सारी टोपियाँ बेचकर वह घर वापस आता था। एक दिन वह टोपियाँ लेकर दूसरे गाँव जा रहा था। दोपहर का समय था। वह बहुत थक गया था। उसे रास्ते में कुआँ दिखायी दिया। उसने कुएं के पास बरगद के पेड़ के नीचे अपनी टोपियों की टोकरी रख दी और कुएं से पानी निकालकर पीने लगा। पानी पीने के बाद उसने सोचा कि थोड़ी देर आराम कर लिया

जाए। वह बरगद के पेड़ के नीचे बैठ गया। थका होने के कारण उसे जल्दी ही नींद आ गई।

अचानक शोर-शराबे से उसकी नींद उचट गई। आँख खुली तो उसने देखा कि बरगद के पेड़ के ऊपर ढेर सारे बंदर उछल-कूद कर रहे हैं। वह यह देखकर चकित रह गया कि उन सब बंदरों के सिर पर टोपियाँ थीं। उसने अपनी टोपियों की टोकरी की ओर देखा तो सारी की सारी टोपियाँ गायब थीं। चिंता में वह अपना माथा पीटने लगा और सोचने लगा कि अगर बंदर सारी टोपियाँ ले गए, तो उसे बड़ा नुकसान हो जायेगा। उसे माथा पीटता देख बंदर भी अपना माथा पीटने लगे। बंदरों को नकल उतारने की आदत होती है। वे टोपीवाले की नकल उतार रहे थे।

बंदरों को अपनी नकल उतारता देख टोपीवाले को टोपियाँ वापस पाने का एक उपाय सूझ गया। उसने अपने सिर से टोपी उतारकर फेंक दी। फिर क्या था? बंदरों ने भी अपनी-अपनी टोपियाँ उतारकर फेंक दी। टोपीवाले ने झटपट सारी टोपियाँ टोकरी में इकठ्ठी की और आगे की राह पकड़ ली।

**शिक्षाः** सूझबूझ से हर समस्या का हल निकाला जा सकता है।

**चित्र में रंग भरो।**



# शिक्षक अवलोकन रिपोर्ट

## (Teacher's Observation Report)

छात्र की प्रगति का नियमित रूप से अवलोकन करना निपुण भारत का एक मुख्य पहलू है। एक शैक्षणिक वर्ष में हम किसी छात्र के विभिन्न कौशलों में हो रही प्रगति का काफी नजदीक से अवलोकन कर सकते हैं। दिए गए चार्ट में शिक्षक उन कौशलों में हो रही प्रगति को अंकित कर सकते हैं। यह चार्ट छात्र के माता-पिता को उसके मार्ग-दर्शन में भी सहायक होगा।

| क्रम सं॰ | अवलोकन क्षेत्र | किसी की सहायता से काम पूरा करने में समर्थ | अल्प सहायता से कार्य पूरा करने में समर्थ | बिना किसी सहायता के कार्य पूरा करने में समर्थ | हार्ड स्पॉट | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शारीरिक तथा गामक कौशल (Physical and Motor Skill) | | | | | |
| 2. | ज्ञानात्मक कौशल (Cognitive Skill) | | | | | |
| 3. | सामाजिक-भावनात्मक कौशल (Social-emotional Skill) | | | | | |
| 4. | सांस्कृतिक/कला कौशल (Cultural/Artistic Skill) | | | | | |
| 5. | संचार तथा प्रारंभिक भाषा कौशल (Communication and Early Language Skill) | | | | | |
| 6. | साक्षरता कौशल (Literacy Skill) | | | | | |
| 7. | संख्यात्मकता कौशल (Numeracy Skill) | | | | | |